# <u>निविदा सूचना</u>

संचालनालय, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी के वर्ष 2023–24 जिसका वार्षिक बजट रूपये 147.00 करोड़ है, के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य हेतु **सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड सी.ए. की नियुक्ति** किया जाना है। जिसके वार्षिक मानदेय/फीस निर्धारण हेतु इच्छुक **सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड, न्यूनतम 5 वर्ष के शासकीय संस्था/सोसायटी के आडिट कार्य के अनुभवी तथा दो या दो से अधिक ISA क्वालीफाईड पांच पार्टनर युक्त सी.ए./फर्म.** से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पुर्न निविदा क्रमांक | निविदा का संक्षिप्त विवरण | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना क्रमांक **CGESIS/2019/20** | सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड सी.ए. की नियुक्ति हेतु मानदेय/फीस का निर्धारण | रू. 10,000.00 |

1. निविदा प्रपत्र तथा अन्य निविदा शर्तें इस कार्यालय से रू. 200.00 की निविदा मूल्य के डिमांड ड्राफ्ट के रूप में छ.ग.कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी, नवा रायपुर अटल नगर के नाम से जो किसी राष्ट्रीकृत बैंक जिसकी शाखा रायपुर, छ.ग. में देय हो, जमा करके कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2. बिना धरोहर राशि के प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
3. निविदा खोलने की निर्धारित तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर निर्धारित तिथि आगामी कार्य दिवस हेतु स्वतः बढ़ी हुई मानी जावेगी।
4. निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त निविदा तथा सशर्त निविदा अमान्य की जावेगी। छ.ग. कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी को किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाएं स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रहेगा एवं किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी। किसी भी प्रकार के पोस्टल विलंब के लिए कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगां।
5. निविदाकार वेब–साईट www.cglabour.nic.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकेंगे तथा ऐसे निविदाकारों को उपरोक्त कंडिका–1 में उल्लेखित अनुसार निविदा के साथ निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 200.00 का डिमांड ड्राफ्ट निविदा प्रस्तुत करते समय जमा करनी होगी।
6. सफल निविदाकार की अमानत राशि को सुरक्षा निधि के रूप में जमा रखा जावेगा और संविदा की संतोषप्रद ढंग से समाप्ति के पश्चात् वापस की जावेगी। उक्त राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। अन्य निविदाकारों की अमानत राशि, सफल निविदाकार द्वारा अनुबंध निष्पादित करने के उपरांत वापस कर दी जावेगी।
7. शर्तों का उल्लंघन करने या विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय/निराकरण एक्जीक्यूटिव कमेटी, कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा किया जावेगा जो पक्षकार क्रमांक–2 (निविदाकार) को मान्य होगा।
8. किसी भी समय बिना कारण बताये उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।
9. निविदा में सफल होने वाले एजेंसी को दर्शायी गई शर्तों के आधार पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।
10. निर्धारित दर एक वर्ष तक प्रभावशील मानी जावेगी।

11- परिशिष्ट : (अ एवं ब) तथा परिशिष्ट : (स) दो अलग–अलग बंद लिफाफे में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा किया जावेगा।

12- निविदा खुलने पर सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोला जावेगा तत्पश्चात् संतुष्टि की दशा में वित्तीय निविदा खोला जावेगा।

13- समस्त विवादों का एकमात्र न्यायिक क्षेत्र रायपुर होगा।

14- निविदा की शर्तों को शिथिल करने का अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।

15- निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण अथवा आंशिक रूपेण स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।

## <u>तकनीकी शर्ते / विशेषता :</u>

1. निविदा के साथ अमानत राशि रू. 10,000.00 संबंधी एफ.डी.आर. जो छत्तीसगढ़ कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी, नवा रायपुर अटल नगर के नाम देय होगी, को पृथक लिफाफे में निविदा के साथ संलग्न किया जावे एवं **<u>लिफाफे पर धरोहर राशि</u>** अंकित की जावे।
2. तकनीकी विशेषताओं (Technical Bid) संबंधी दस्तावेज पृथक लिफाफे में प्रस्तुत किया जावे एवं लिफाफे के ऊपर "तकनीकी विशेषताएं संबंधी दस्तावेज (Technical Bid)" अंकित किया जाना अनिवार्य है।
3. वित्तीय दर संबंधी लिफाफा भी पृथक से प्रस्तुत किया जावे, जिस पर प्रस्तावित दर (Price Bid) अंकित किया जाना अनिवार्य है। अमानत राशि तथा तकनीकी विशेषताओं (Technical Bid) से संतुष्ट होने पर ही दर (Price Bid) संबंधी लिफाफा आगामी कार्यवाही हेतु सम्मिलित किया जावेगा।
4. निविदा में भाग लेने वाली एजेन्सी / फर्म का किसी भी शासकीय अथवा निजी संस्थान द्वारा Black List नहीं किये जाने तथा उनके विरूद्ध किसी प्रकार के आपराधिक प्रकरण, पुलिस थाना, सी.आई.डी. अथवा सी.बी.आई. में लंबित नहीं होने संबंधी एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. यह आवश्यक है कि निविदाकार चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस / फर्म जी.एस.टी. के अधीन पंजीकृत हो।
6. निविदाकार चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस / फर्म का **सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड** होना आवश्यक है।
7. निविदा में भाग लेने वाले चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस / फर्म की विगत तीन वर्षों की न्यूनतम औसत वार्षिक टर्न ओवर रू. 50.00 लाख हो। पुष्टि स्वरूप प्रत्येक वर्ष के चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वार्षिक लेखा रिपोर्ट जमा की जानी होगी।
8. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट / फर्म का वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ में मुख्यालय होना आवश्यक है।

## <u>परिशिष्ट – अ</u>

### चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस / फर्म इम्पैनल्ड हेतु तकनीकी शर्ते

### (यह जानकारी पुष्टि स्वरूप सुसंगत अभिलेखों सहित पृथक लिफाफा में रखा जावे)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस / फर्म का नाम एवं पता | |
| 2 | मोबाईन नं. / टेलीफोन नं. (एस.टी.डी.कोड सहित) | |
| 3 | ई–मेल (संबंधित व्यक्ति का) | |
| 4 | पेन नं. / टेन नं. (दस्तावेज संलग्न करें) | पेन नं. हाँ ☐ नहीं. ☐<br>टेन नं. हाँ ☐ नहीं. ☐ |
| 5 | विगत 03 वर्षों का टर्न ओवर संबंधी प्रमाण पत्र | हाँ ☐ नहीं. ☐ |
| 6 | अमानत राशि रू. 10,000.00 जमा की गई है | हाँ ☐ नहीं. ☐ |
| 7 | शासकीय संस्था / सोसायटी में अंकेक्षण अनुभव | ☐ वर्ष |
| 8 | पार्टनर की संख्या / ISA क्वालीफाईड पार्टनर | कुल ☐ ISA क्वालीफाईड ☐ |

-----2

| | | |
|---|---|---|
| 9 | शासकीय अथवा निजी संस्थान द्वारा Black List नहीं किये जाने तथा उनके विरूद्ध किसी प्रकार के आपराधिक प्रकरण, पुलिस थाना, सी.आई.डी. अथवा सी.बी.आई. में लंबित नहीं होने संबंधी एक शपथ पत्र। (रू.100.00 के स्टाम्प पेपर पर) | हाँ ☐ नहीं. ☐ |
| 10 | जी.एस.टी. के अधीन पंजीयन प्रमाण पत्र | हाँ ☐ नहीं. ☐ |
| 11 | **सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड** होने संबंधी अभिलेख | हाँ ☐ नहीं. ☐ |

दिनांक **:** **(अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर)**

स्थान : नाम :

पदनाम :

फर्म का नाम :

फर्म की सील :

## परिशिष्ट – ब

## //घोषणा पत्र//

1. यह कि हमारी संस्थान को इस निविदा के तहत् प्रदाय की जाने ली समस्त सेवाओं के लिए किसी भी संस्थान/व्यक्ति विशेष द्वारा मुकदमेबाजी एवं आरोप नहीं लगाया गया है।
2. यह कि हमारी संस्थान को किसी भी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अपात्र की श्रेणी (ठसंबा स्पेज) में सूचीबद्ध नहीं किया गया है।
3. निविदा में दर्शित समस्त नियम एवं शर्तों को हमारी संस्थान द्वारा मान्य किया जावेगा।

दिनांक **:** **(अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर)**

स्थान : नाम :

पता :

मोबाईल नं. :

**(टीप : उपरोक्त घोषणा पत्र में दर्शित नियम एवं शर्तों को निविदाकर्ता द्वारा रू. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर सहमति देना अनिवार्य होगा।)**

## परिशिष्ट – स

| स.क्र. | सेवा का प्रकार | दर (रू.में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| **1** | छ.ग. कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी के लेखाओं का वित्तीय प्रबंधन तथा अंकेक्षण आदि कार्यों हेतु मानदेय/फीस | | (अंकित दर समस्त कर सहित अथवा कर पृथक से तथा किस दर पर देय होगा स्पष्ट उल्लेख किया जावे। |
| | | | |